Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9041488440
Email:
azadvaani65@gmail.com

Monthly Hindi/English Newspaper

Published from SAS Nagar (Mohali)

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No.
PBBIL/26/A0779






# उत्तर भारत में पोपीज़ बेबी केयर की धमाकेदार एंट्री, चंडीगढ़ में खोला पहला स्टोर; जल्द जीरकपुर, करनाल और यमुनानगर में होगा विस्तार




चंडीगढ़, 19 जून। शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध कराने वाले देश के प्रतिष्ठित बेबी केयर ब्रांड पोपीज़ बेबी केयर ने उत्तर भारत में अपनी मौजूदगी का विस्तार करते हुए चंडीगढ़ में अपना पहला स्टोर शुरू कर दिया है। सेक्टर-30 डी की मुख्य मार्केट स्थित एससीओ-7 में स्थापित इस स्टोर का उद्घाटन चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी ने किया। इस अवसर पर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित रहे।

नए स्टोर के खुलने से ट्राइसिटी क्षेत्र के अभिभावकों को अब शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए आवश्यक सभी उत्पाद एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगे। स्टोर में नवजात शिशुओं की देखभाल से जुड़े आवश्यक सामान के अलावा 0 से 4 वर्ष तक के बच्चों के परिधान, बैम्बू फैब्रिक से बने विशेष कपड़े, डायपर, वाइप्स, शैंपू, स्नान सामग्री और ऑर्गेनिक बेबी केयर उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराई गई है।

वर्ष 2003 में स्थापित पोपीज़ बेबी केयर ने पिछले दो दशकों में सुरक्षित, आरामदायक और किफायती उत्पादों के माध्यम से देशभर के लाखों अभिभावकों का भरोसा जीता है। कंपनी के अनुसार, उसके प्रत्येक उत्पाद को बाजार में उतारने से पहले 28 गुणवत्ता मानकों पर परखा जाता है, जिससे उत्पादों की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मेयर सौरभ जोशी ने कहा कि चंडीगढ़ में एक विश्वसनीय और स्थापित बेबी केयर ब्रांड के आगमन से शहर के अभिभावकों को बेहतर विकल्प मिलेंगे। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की उपलब्धता बच्चों के स्वास्थ्य और देखभाल के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और पोपीज़ इस दिशा में एक सकारात्मक पहल साबित होगी।

पोपीज़ बेबी केयर के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शाजू थॉमस ने कहा कि चंडीगढ़ कंपनी के लिए रणनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण बाजार है और उत्तर भारत में विस्तार की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से अभिभावकों का विश्वास ही कंपनी की सबसे बड़ी ताकत रहा है और अब कंपनी उत्तर भारत के परिवारों के और अधिक करीब पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ स्टोर कंपनी के विस्तार अभियान की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसके साथ ही दुनिया भर में पोपीज़ के स्टोरों की संख्या बढ़कर 109 हो गई है। भारत और मध्य-पूर्व एशिया में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने के बाद कंपनी अब उत्तर भारत में तेजी से विस्तार की योजना पर काम कर रही है। आगामी महीनों में जीरकपुर, करनाल और यमुनानगर में भी नए स्टोर खोले जाएंगे।

कंपनी का कहना है कि गुणवत्ता आधारित नवाचार, आधुनिक रिटेल नेटवर्क और ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप उत्पादों के माध्यम से वह देशभर के अभिभावकों तक प्रीमियम बेबी केयर उत्पादों की पहुंच को और मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## 5 बांग्लादेशी बच्चों के चेहरों पर लौटी मुस्कान, पंजाब सरकार ने परिवारों से करवाया पुनर्मिलन : डॉ. बलजीत

चंडीगढ़, 19 जून। पंजाब सरकार ने मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में बच्चों की सुरक्षा और उनके सर्वोत्तम हितों को प्राथमिकता देते हुए एक मानवीय पहल के तहत पांच बांग्लादेशी बच्चों को सुरक्षित रूप से उनके स्वदेश भेज दिया है, जहां वे अपने परिवारों से पुनः मिल सकेंगे। सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि यह कदम बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उन्हें पारिवारिक स्नेह प्रदान करने के प्रति सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि ये बच्चे वर्ष 2023 के दौरान सीमावर्ती क्षेत्र में मिले थे। इसके बाद बाल कल्याण समितियों के आदेशानुसार उन्हें पंजाब के विभिन्न बाल गृहों में रखा गया, जहां उनकी सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, काउंसलिंग और समग्र विकास का विशेष ध्यान रखा गया। सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि बच्चों को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण मिले, जिससे उनका शारीरिक और



मानसिक विकास प्रभावित न हो।

उन्होंने बताया कि बांग्लादेश उच्चायोग, भारत सरकार के विदेश मंत्रालय और अन्य संबंधित एजेंसियों के सहयोग से बच्चों की पहचान और उनके परिवारों की पुष्टि की गई। सभी कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद इन पांचों बच्चों को सुरक्षित तरीके से बांग्लादेश भेजा गया, जहां उनके परिवारों से पुनर्मिलन का सपना साकार हो सका।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हर बच्चे को अपने परिवार के प्यार, सुरक्षा और अपनेपन का अधिकार है। किसी भी बच्चे का अपने परिवार से दोबारा मिलना जीवन के सबसे भावनात्मक और खुशी भरे क्षणों में से एक होता है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार हर बच्चे के हितों की रक्षा के लिए पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रही है।

डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि यह सिर्फ पांच बच्चों का अपने परिवारों से मिलन नहीं, बल्कि मानवता, करुणा और सामाजिक जिम्मेदारी की भी एक बड़ी जीत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पंजाब सरकार भविष्य में भी बच्चों की सुरक्षा और कल्याण के लिए ऐसे मानवीय प्रयास निरंतर जारी रखेगी।

## पंजाब में स्वास्थ्य सेवाओं में एआई का बड़ा कदम, तीन जिलों में शुरू होगी स्मार्ट हेल्थ स्क्रीनिंग : डॉ. बलबीर सिंह



चंडीगढ़, 19 जून। पंजाब सरकार ने राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सेंटर फॉर हेल्थ रिसर्च एंड इनोवेशन (सीएचआरआई) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह की उपस्थिति में हुए इस समझौते का उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित तकनीकों के जरिए स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाना है।

इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत पटियाला, एसएएस नगर (मोहाली) और फतेहगढ़ साहिब में एआई आधारित ईसीजी उपकरण और डिजिटल स्टेथोस्कोप स्थापित किए जाएंगे। ये उपकरण दिल और सांस संबंधी बीमारियों की प्रारंभिक पहचान करने में मदद करेंगे तथा मरीजों को समय पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के पास रेफर किया जा सकेगा।स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि इस पहल से लोगों को तेजी से और अधिक सटीक स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिलेगी।

## कामकाजी महिलाओं के लिए पंजाब सरकार का बड़ा कदम



चंडीगढ़ 19 जून 2026। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार राज्य की कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित, सुविधाजनक और किफायती आवास उपलब्ध कराने के लिए पांच वर्किंग वूमेन हॉस्टलों का निर्माण कर रही है। सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने मोहाली के सेक्टर-66 में 70 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले सात मंजिला वर्किंग वूमेन हॉस्टल के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि यह पंजाब का सबसे बड़ा सरकारी वर्किंग वूमेन हॉस्टल होगा, जिसमें 484 महिलाओं के लिए अत्याधुनिक आवासीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी। हॉस्टल में सिंगल, डबल और डॉर्मिटरी कमरे बनाए जाएंगे। इसके अलावा बच्चों के लिए क्रेच और महिलाओं के मनोरंजन के लिए इनडोर खेलों की व्यवस्था भी होगी। उन्होंने बताया कि मोहाली में यह तीसरा वर्किंग वूमेन हॉस्टल है।

## कर चोरों पर पंजाब सरकार की बड़ी कार्रवाई, वैट-जीएसटी डिफॉल्टरों की संपत्तियों की नीलामी शुरू; करोड़ों रुपये की वसूली



चंडीगढ़, 19 जून 2026। पंजाब सरकार ने लंबे समय से वैट और जीएसटी का बकाया न चुकाने वाले कर डिफॉल्टरों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए उनकी संपत्तियों की सार्वजनिक नीलामी शुरू कर दी है। वित्त, योजना, कर एवं आबकारी मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि आबकारी एवं कर विभाग ने वसूली अभियान के तहत तीन बड़ी नीलामियां सफलतापूर्वक संपन्न की हैं, जिनसे करोड़ों रुपये के राजस्व की वसूली सुनिश्चित हुई है।

वित्त मंत्री ने बताया कि मोहाली में डिफॉल्टर फर्म मैसर्स सुमित इंजीनियरिंग की संपत्ति 13.22 करोड़ रुपये में नीलाम की गई, जबकि शाहकोट (जालंधर) स्थित मैसर्स एम.आर. राइस मिल्स की संपत्ति की नीलामी से 1.11 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि सफल बोलीदाताओं द्वारा 3.58 करोड़ रुपये की राशि सरकारी खजाने में जमा करवाई जा चुकी है और शेष राशि नियमानुसार जल्द जमा करवाई जाएगी।

हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि मोहाली और जालंधर में हुई ये सफल नीलामियां कर कानूनों को बिना किसी भय या पक्षपात के लागू करने की पंजाब सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई विशेष रूप से उन पुराने कर डिफॉल्टरों के खिलाफ की जा रही है, जिन्होंने राज्य सरकार की एकमुश्त निपटान (ओटीएस) योजना के तहत उपलब्ध राहत का लाभ नहीं उठाया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि जनता के वैध धन की वसूली सुनिश्चित करना है। व्यापारियों और करदाताओं को अंतिम अवसर देते हुए सरकार ने ओटीएस योजना की अवधि 31 जुलाई 2026 तक बढ़ा दी है, ताकि वे अपने पुराने कर विवादों और बकायों का समाधान कर सकें।

वित्त मंत्री ने चेतावनी दी कि सरकारी कर मांगों की अनदेखी करने वालों के लिए अब कोई राहत नहीं होगी। उन्होंने बताया कि विभाग ने विभिन्न जिलों में करीब 20 अन्य संपत्तियों की पहचान कर ली है, जिनकी नीलामी आने वाले सप्ताहों और महीनों में की जाएगी।



# herbegy™

Think pure think herbal

## PREMIUM SPICES RANGE

### Pure Spice. Rich Flavour.




## PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY

Advertisement

**For Dealer Inquiry Contact:**

**727-515-0015**

Printed by: Desh Sewak Printers Limited, Sector-29-D, Chandigarh – 160030 and Published by: Shafiur Rahman from #2111 SF, TDI City, Sector-110, Mohali, Sahibzada Ajit Singh Nagar, Punjab – 140307. Owner, Publisher & Chief Editor: Shafiur Rahman. Title Verification Number: PBBIL/26/A0779. Periodicity: Monthly.